कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/छाप्रोप्र/ए/शालादर्पण/2019–20 दिनांक :- 05.11.2020

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक(मुख्यालय)

विषय : शालादर्पण पोर्टल पर छात्रवृत्ति मॉड्यूल में विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के ऑनलाईन भरे गए आवेदनों को संस्थाप्रधानों द्वारा लॉक/सबमिट नहीं करने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्र क्रमांक : शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/ए/शालादर्पण/2019–20 दिनांक 25.08.2020, 11.09.2020, 24.09.2020, 30.09.2020, 13.10.2020, 20.10.2020, 26.10.2020 एवं 28.10.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य में स्थित समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से सत्र 2020–21 के लिए विभिन्न 10 प्रकार की पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में आनलाईन आवेदन/अपडेशन एवं लॉक करने की अंतिम तिथि संस्थाप्रधान स्तर पर 31.10.2020 थी।

शालादर्पण पोर्टल पर छात्रवृत्ति मॉड्यूल का अवलोकन करने पर पाया गया की लगभग 12635 आवेदन पत्रों को संस्थाप्रधानों ने लॉक/सबमिट नहीं किया गया। संस्थाप्रधान स्तर पर आवेदन लॉक/सबमिट नहीं करने की स्थिति में उक्त आवेदन पत्रों/विद्यार्थियों को छात्रवृति का भुगतान नहीं हो पायेगा। इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्रों द्वारा बार बार निर्देशित करने के उपरांत भी आपके जिले की संलग्न सूची में वर्णित विद्यालयों के संस्थाप्रधानों द्वारा छात्रवृति के आवेदन पत्रों को लॉक/सबमिट नहीं किया गया। छात्रवृति जैसे लोक कल्याणकारी योजना के कार्य में उदासीनता बरतना अपने दायित्वों के निर्वहन नहीं करने की श्रेणी में आता है।

अतः आप अपने जिले के शालादर्पण पोर्टल के छात्रवृत्ति मॉड्यूल में **Scholarship summary Report** में योजनवार अनलॉक डाटा ब्लॉकवार एवं विद्यालयवार प्राप्त कर सकते हैं। अपने जिले की उपरोक्तानुसार प्राप्त सूची में वर्णित संस्थाप्रधानों को छात्रवृति आवेदन पत्र लॉक/सबमिट नहीं करने वाले संस्थाप्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर प्रत्युतर तीन दिन में प्राप्त करें। संतोषप्रद जबाब/प्रत्युतर नहीं देने वाले संस्थाप्रधानों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही कर प्रपत्र अ,ब,स, एवं द के प्रस्ताव 12.11.2020 तक इस कार्यालय को प्रेषित करें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

(सौरभ स्वामी)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा कों अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान को जिला क्षेत्राधिकार में समुचित प्रर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट एवं शालादर्पण पर अपलोड करने बाबत।
4. रक्षित पत्रावली।

5.11.2020
प्रभारी अधिकारी (छात्रवृत्ति)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

सत्र 2020–21 में शालादर्पण पोर्टल पर छात्रवृत्ति मॉड्यूल में समस्त पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्तियों के ऑनलाईन भरे गए अनलॉक आवेदनों की संख्या		
S.No.	**Districts Name**	**Unlock Students**
1	AJMER	43
2	ALWAR	342
3	BANSWARA	1433
4	BARAN	319
5	BARMER	113
6	BHARATPUR	113
7	BHILWARA	293
8	BIKANER	140
9	BUNDI	48
10	CHITTAURGARH	299
11	CHURU	537
12	DAUSA	1502
13	DHAULPUR	172
14	DUNGARPUR	1408
15	GANGANAGAR	242
16	HANUMANGARH	38
17	JAIPUR	1179
18	JAISALMER	74
19	JALOR	72
20	JHALAWAR	141
21	JHUNJHUNUN	406
22	JODHPUR	325
23	KARAULI	278
24	KOTA	134
25	NAGAUR	440
26	PALI	261
27	PRATAPGARH	849
28	RAJSAMAND	205
29	S.MADHOPUR	194
30	SIKAR	181
31	SIROHI	74
32	TONK	42
33	UDAIPUR	738
	Total	12635

www.rajteachers.com